दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-10, अंक 329 वीरवार 02 दिसम्बर, 2021, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्व एड्स दिवस का आयोजन



**बल्लभगढ़, 01 दिसंबर, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में बुधवार को महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरुकता को लेकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर इस असाध्य रोग के प्रति एकजुटता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एक वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें श्री दर्शन भाटिया जी (आजीवन सदस्य, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

उन्होंने महाविद्यालय के सभागार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचआईवी एड्स संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एड्स के कारणों और उपचारों के बारे में भी चर्चा की गई महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का प्रचार एवं प्रसार करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ० जयपाल सिंह (संयोजक, रेड रिबन क्लब)की देख-रेख में श्री सुभाष कैलोरिया, (काउन्सलर, यूथ रेड क्रॉस) और श्रीमती नेहा गोयल (काउन्सलर, रेड रिबन क्लब) द्वारा संपन्न किया गया।